सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 162 | इंदौर, बुधवार 20 दिसंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


**Headline**

1. 'मैं 20 साल से झेल रहा..': सांसद द्वारा राज्यसभा सभापति की नकल उतारने पर बोले PM मोदी, धनखड़ से फोन पर की बात
2. Parliament: 'महिलाओं को संसद में बोलने के लिए नहीं दिया जा रहा पर्याप्त समय', लोकसभा में भड़कीं भाजपा सांसद

## हत्या का विरोध, राऊ-पीथमपुर रोड पर...

# शव रखकर चक्काजाम



**ढाबे पर हत्या के केस में परिजन ढाबा-घर ढहाने की मांग पर अड़े रहे**

## रात तक सड़क पर डंटे रहे, बिस्तर बिछाकर बैठ गए परिजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। किशनगंज इलाके में ढाबे पर खाने को लेकर विवाद में एक युवक की लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। नाराज परिजन ने राऊ-पीथमपुर रोड पर मंगलवार शाम 5 बजे से देर रात तक शव रखकर चक्काजाम किया। सभी रात एक बजे रात तक सडक़ पर बिस्तर बिछाकर बैठे रहे। पुलिस की समझाइश के बाद पुलिस ने जाम खुलवाया, जिससे आवागमन शुरू हो सका।

इनकी मांग है कि जब तक पूरा ढाबा और आरोपियों के घर बुलडोजर चलाकर जमींदोज नहीं किए जाते, तब तक हाईवे से नहीं उठेंगे। राऊ एसडीएम, महू एडिशनल एसपी और चार थानों के प्रभारी समेत पुलिस बल मौके पर मौजूद थे। चक्काजाम के कारण राऊ-पीथमपुर मार्ग पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लगी रही।

हत्या की वारदात किशनगंज थाना क्षेत्र के भैसलाय ढाबे पर सोमवार रात 9 बजे की है। पुलिस ने बताया कि विष्णु पिता बलराम परमार निवासी भैसलाय पवन, सोहन, गोविंद और गोलू के साथ राजपूत ढाबे पर खाना खाने के लिए गया था। ऑर्डर दिया तो ढाबा संचालक ने कहा कि आज भोजन बनाने वाला उस्ताद नहीं आया है, इसलिए खाना नहीं मिलेगा। इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई।

ढाबे वाले ने साथियों के साथ मिलकर उन पर हमला कर दिया। विष्णु को गंभीर चोट आई। उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसके तीन साथी गंभीर घायल हैं।

### मृतक मजदूरी करके चलाता था परिवार

धरना प्रदर्शन कर रहे मृतक के भाई का कहना है कि बड़े भाई की उम्र लगभग 36 साल थी। उनकी दो बेटियां और एक बेटा है। बड़ी बेटी की उम्र लगभग 18 साल है। दूसरी बेटी की उम्र 6 साल है। बेटे की उम्र अभी 4 साल है। वह परिवार का भरण पोषण मजदूरी करके किया करते थे।

### थाने पर 3 घंटे धरना, फिर हाईवे किया जाम

विष्णु के परिजन शव लेकर ग्रामीणों के साथ मंगलवार दोपहर दो बजे किशनगंज थाने पहुंचे। यहां तीन घंटे धरना दिया। पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई करने के साथ उनका मकान और ढाबा जमींदोज करने की बात कही। इस आश्वासन पर प्रदर्शन खत्म कर दिया गया।

### प्रशासन की कार्रवाई पर जताया असंतोष

प्रशासन ने आरोपी के ढाबे का बाहरी हिस्सा गिरा दिया। विष्णु के परिजन के साथ भीम आर्मी कार्यकर्ता इस कार्रवाई पर असंतोष जताते हुए हाईवे पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। उनकी मांग है कि ढाबे को पूरी तरह तोड़ा जाए। साथ ही परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और 50 लाख मुआवजा दिया जाए।

### हमले में घायल रिश्तेदार ने कराई थी एफआईआर

हमले में घायल युवक गोविंद परमार ने मंगलवार सुबह थाने में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। उसने बताया, 'मैं अपने चाचा विष्णु के साथ खाना खाने ढाबे पर गया था। खाने का ऑर्डर दिया तो 10 मिनट में लाने की बात कही गई। आधे घंटे बाद पूछा तो ढाबा संचालक नीरज सिंह ने मना कर दिया कि खाना नहीं मिल पाएगा। अभी स्टाफ नहीं है। इस पर मैं और चाचा ढाबे के बाहर आकर बैठ गए और बात करने लगे। इसी दौरान अंदर से कुछ लोग आए और गाली-गलौज करने लगे। ऐतराज जताया तो हमें घेरकर लाठियों से पीटना शुरू कर दिया। पुलिस ने गोविंद की शिकायत पर ढाबा संचालक नीरज सिंह व अन्य के खिलाफ हत्या, मारपीट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

# तेज रफ्तार हवा से और बढ़ी ठिठुरन

## ◆दिन का पारा एक डिग्री लुढ़का, रात के तापमान में भी हल्की गिरावट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। दो दिनों से तेज रफ्तार हवाओं के कारण ठिठुरन बढ़ी है। पिछले 24 घंटों में दिन के तापमान में 1 डिग्री तो वहीं रात के तापमान में भी हल्की गिरावट आई है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण पहाड़ों पर बर्फबारी हुई थी जिससे अब वहां से आ रही हवा का असर इंदौर सहित मालवा निमाड़ में पड़ रहा है। इस कारण तापमान में गिरावट हो रही है। अगले दो-तीन दिन तक ऐसा ही मौसम रहेगा। मामले में स्वास्थ्य विभाग ने शीत लहर से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है।**

इसी के साथ यूएस, चाइना, सिंगापुर एवं भारत में वैरिएंट के जो मामले रिपोर्ट हुए हैं उसे लेकर आम जनता से अपील गई है कि वे कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए इस संक्रमण से बचें। हाथ बार-बार धोएं व सार्वजनिक स्थानों पर मास्क का प्रयोग करें।



रविवार को दिन का तापमान 24.2. (-3) डिग्री और रात का तापमान 12.6 (+2) डिग्री सेल्सियस था। रविवार की रात इस सीजन की सबसे ठण्डी रात थी। इसके बाद सोमवार को भी मौसम ठण्डा रहा। दिनभर अच्छी धूप रही लेकिन 18 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा ने मौसम में काफी ठण्डक घोल दी। इस दौरान दिन का तापमान 1 डिग्री लुढ़ककर 23 (-5) डिग्री सेल्सियस पर आ गया। ठण्डी हवा का असर रात को भी रहा और तापमान में हल्की गिरावट आई। इस दौरान तापमान 12.2 (+1) डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार सुबह कोहरा नहीं था लेकिन तेज रफ्तार हवा के कारण काफी ठिठुरन थी। सुबह मौसम साफ था जबकि दृश्यता 5 हजार मीटर तक की थी।

दरअसल अभी वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण पहाड़ों पर बर्फबारी हुई थी और अब बर्फ पिघल रही है। इससे ठण्डी हवाओं का रुख बना है और दिन-रात के तापमान में गिरावट हो रही है। मौसम वैज्ञानिक अशफाक हुसैन के मुताबिक अगले दो से तीन दिन तक ऐसा ही मौसम रहने के साथ तापमान में और गिरावट के आसार हैं। 22-23 दिसम्बर को वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की वजह से कई हिस्सों में हल्की बारिश भी का अनुमान है। तब तक ठंड का असर बना रहेगा।

# नक्शे के विपरीत बने मकानों को 30% कम्पाउण्डिंग की मंजूरी

### 24 मीटर चौड़ी सड़कों में बने मकानों के कमर्शियल यूज की भी राह आसान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शासन द्वारा नगरीय क्षेत्र के मकानों के दो मामलों में राहत दी गई है। कई दिनों से इसे लेकर प्रयास किए जा रहे रहे थे। मेयर पुष्यमित्र भार्गव के मुताबिक नक्शे के विपरीत बने अवैध मकानों के मामले में कम्पाउण्डिंग किए जाने को लेकर काफी समय से प्रयास किए जा रहे थे। ऐसे लोग जिन्होंने अवैध रूप से नक्शे के विपरीत मकान बनाए हैं वे चाहे तो अब 30% कम्पाउण्डिंग नियमानुसार कर सकेंगे। यह आदेश मुख्यमंत्री की समिति ने इंदौर के आग्रह पर लिया है। मेयर के मुताबिक इसी तरह नगरीय क्षेत्र में जो 24 मीटर की सड़कें हैं, उनका लैण्ड यूज बदलने की अनुमति भी मुख्यमंत्री की समिति ने दी है। अब यदि 24 मीटर में किसी का मकान है और कमर्शियल एक्टिविटी करना चाहता है तो संबंधित विभाग से अनुमति लेकर नियमानुसार कर सकता है। जल्द ही इस मामले में विधिवत जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

## 15 करोड़ की सरकारी जमीन पर किया अतिक्रमण हटाया

### सात लोगों ने कब्जा कर शुरू कर दिया था मकान निर्माण; जारी रहेगा अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जिला प्रशासन द्वारा 15 करोड़ रु. कीमत की सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर उसे मुक्त किया गया है। यह कार्रवाई एसडीएम जूनी इंदौर घनश्याम धनगर एवं तहसीलदार जगदीश रंधावा द्वारा की गई।

एसडीएम घनश्याम धनगर ने बताया कि उक्त जमीन शहर के मध्य में स्थित ग्राम खजराना की बेशकीमती भूमि खसरा क्रमांक 442/1 जो किशासन के शहरी सीलिंग के नाम पर दर्ज है। इस पर अजहर पिता सिराजुद्दीन पठान, सफदर पिता गुलाम मोहम्मद, शेख सुलेमान पिता शेख बाबू, परवीन पति लियाकत, सलीम पिता इशाक पटेल, आरिफ पिता नजीर मोहम्मद व भाई पिता मेहबूब द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण नए मकान बनाए जा रहे थे। इनके खिलाफ तहसील कोर्ट में केस दर्ज कर सुनवाई के अवसर दिए गए थे। इसके बाद मंगलवार को यहां से अतिक्रमण हटाकर जमीन को मुक्त किया गया।

# श्रीराम शौर्य कथा पर निकली कलशयात्रा

### हजारों मातृशक्तियां हुईं शामिल, विभिन्न संगठनों ने मंच से किया स्वागत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कैट रोड स्थित श्री हरिधाम में 20 दिसंबर से होने वाली श्री राम शौर्य कथा व महापुरुषों की गाथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा की शुरूआत मंगलवार को कलश यात्रा निकाल कर की गई। कलशयात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं पीले परिधान में शामिल हुईं।**

कलश यात्रा फूटी कोठी से प्रारंभ होकर सुदामा नगर, मुख्य मार्ग, हवा बंगला होते हुए कथा स्थल श्री हरिधाम पहुंची। विभिन्न संगठनों ने मंच से जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया। यात्रा में आगे धरावरा धाम के वेद पाठी बालक धर्म ध्वजा लिए चल रहे थे। वहीं सिर पर कलश लेकर मातृशक्तियां भजनों की धुन पर नृत्य करते हुए चल रही थी। यात्रा में शिव रूपधारी पात्र भी आकर्षण का केंद्र बने हुए थे। यात्रा में हरिधाम के महंत शुकदेव दास महाराज, प्रयागराज से पधारे कथाकार शांतनु महाराज रथ पर सवार थे।

श्रीराम शौर्य कथा 20 से 26 दिसंबर तक

कथा 20 से 26 दिसंबर तक श्री हरिधाम में शांतनु महाराज श्रीराम शौर्य कथा का वाचन रोजाना दोपहर 1 से 5 बजे तक करेंगे। शोभायात्रा में गोपाल गोयल, मयूरेश पिंगले, संतोष सिंह, मुकेश ब्रजवासी, सुधीर अग्रवाल, डॉ. सुरेश चौपडा, ओमप्रकाश अग्रवाल, सीताराम नरेडी सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद थे।

## निगमायुक्त को लेकर नगर निगम में चल रहा प्रभारी प्रभारी का खेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर। विगत कई दिनों से छुट्टी पर चल रही नगर निगम की आयुक्त हर्षिका सिंह ने छुट्टी पर जाने से पहले अपर आयुक्त सिद्धार्थ जैन को प्रभारी आयुक्त बना चार्ज दिया था जैन ने 3 दिन की छुट्टी पर जाने के पहले निगम में नवनियुक्त अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा को आयुक्त का प्रभार सौप दिया। मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी और देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर के नगर निगम के सर्वोच्च पद चल रहे इस तरह के प्रभारी प्रभारी खेल से जहां शहर की गरिमा आहत हो रही है वहीं शहर के निगम संबंधित विकास कार्यों के परिचालन में भी बाधाएं आ शहर की विकास गति रूक रही है। ज्ञात हो कि इस वक्त इन्दौर नगर निगम में 8 अपर आयुक्त पदस्थ हैं। वहीं उपायुक्त 1 भी नही हैं। इस कारण प्रभारी आयुक्त और प्रभारी पर भी प्रभारी आयुक्त के इस खेल के चलते निगम में भी काम की मॉनिटरिंग कहीं न कहीं प्रभावित होती ही है। मुख्यालय, जोन में अधिकारी कम ही बैठते हैं। ऑफिस आने का समय भी सुबह 10 बजे का होने के बावजूद कतिपय कारण बताते हुए मनमर्जी से आते है।

कटाक्ष




# कलेक्टर ने कोलंबिया कॉन्वेंट स्कूल को थमाया नोटिस

## ◆स्कूल बंद करने का पत्र मिलते ही जनसुनवाई में पहुंचे पैरेंट्स; स्टूडेट्स को दूसरे स्कूल में कराया था विजिट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर की कोलंबिया कॉन्वेंट स्कूल के एक निर्णय से पालकों के बीच हड़कंप मच गया। स्टूडेंट्स के पैरेंट्स स्कूल के खिलाफ शिकायत लेकर जनसुनवाई में पहुंचे। यहां पर वे पूरे मामले से कलेक्टर को अवगत कराया। इस दौरान कलेक्टर ने स्टूडेंट्स के भविष्य को देखते हुए स्कूल को नोटिस जारी किया है। स्कूल की डायरेक्टर का कहना है कि हमने पहले ही पेरेंट्स मीटिंग में बता दिया था।**

एक छात्र के पिता राजेश तिवारी ने बताया कि शनिवार को स्कूल द्वारा इस संबंध में एक नोटिस मिला है। इसमें बताया कि इस सेशन के बाद स्कूल शट डॉउन रहेगा। पत्र देखते ही वह घबरा गए। उन्होंने बच्चों से पूछा तो उन्होंने बताया कि स्कूल प्रबंधन द्वारा कई दिनों से दूसरे स्कूल में विजिट कराया जा रहा है। साथ ही बताया जा रहा है कि अब जल्द ही यह स्कूल रहेगा। जब नए स्कूल पर पेरेंट्स पहुंचे तो स्कूल प्रबंधन ने कहा कि हमारा इससे कोई लेना-देना नही है। आप कोलंबिया स्कूल प्रबंधन से बात करें।

कुछ बच्चों के पेरेंट्स कोलंबिया स्कूल पहुंचे तो प्रिंसिपल सहित कोई जवाबदार नहीं मिला। बच्चों की परीक्षाएं भी चल रही हैं। इस पत्र के बाद वह विचलित हैं। दूसरा यह कि 9वीं और 11वीं के छात्रों का सीबीएसई के लिए भी इसी साल रजिस्ट्रेशन होना है। इसके चलते मंगलवार को पेरेंट्स कलेक्टर डॉ. इलैया राजा से मिले और स्थिति बताई।

कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी. ने बताया कि कोलंबिया कॉन्वेंट स्कूल को नोटिस जारी कर सीबीएसई एसोसिएशन से भी बात की जा रही है कि इतनी देरी से क्यों सूचित किया गया। इधर, मामले में स्कूल की डायरेक्टर प्रतिभा त्यागी से बात करने की कोशिश की गई लेकिन वे उपलब्ध नहीं हुईं।

### आरोप को बताया निराधार

स्कूल की डायरेक्टर प्रतिभा त्यागी ने बताया कि सारे आरोप निराधार हैं। हमने नवम्बर में हुई पेरेंट्स मीटिंग में सभी को इस संबंध में बता दिया था। पेरेंट्स का कहना है कि हम लम्बे समय तक स्कूल संचालित करें लेकिन अब मेरा स्वास्थ्य खराब है और फाइनेंशियल इश्यु के कारण यह संभव नहीं है। इस सेशन में किसी भी बच्चे का नुकसान नहीं होने दिया जाएगा।

# कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने दी 57 दिव्यांगों के लिए रेट्रो फिटिंग स्कूटी की मंजूर

**जरूरतमंदों को रेडक्रॉस से प्रदान की गई दो लाख 69 हजार रुपए की आर्थिक सहायता**

◆ जनसुनवाई की अवधारणा को सार्थक रूप देते हुए कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा ती ने लोगों की समस्याएं सुन किया उनका निराकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने आज जनसुनवाई की अवधारणा को सार्थक रूप देते हुए जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुन उनका निष्पादन किया। सर्वप्रथम उन्होंने दिव्यांगजनों के बीच पहुंचकर प्रत्येक दिव्यांग के आवेदन को व्यक्तिगत रूप से देखकर उनकी समस्याओं का निराकरण किया। उन्होंने दिव्यांगों को शिक्षण, रोजगार आदि के लिये 57 रेट्रोफिटिंग स्कूटी स्वीकृत की। उन्होंने**



**दो दिव्यांगजनों को नॉर्मल टू व्हीलर स्कूटी की मंजूरी भी प्रदान की।**

जनसुनवाई में आए श्रवण बाधित बालक इंद्र जोरम के पिता द्वारा बताया गया कि उनके बेटे का श्रवण इंप्लांट 9 साल पहले कराया गया था। इंप्लांट ठीक करने के बाद भी उसमें समस्या आ रही है। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को श्रवण यंत्र ठीक कराने हेतु निर्देश दिए साथ ही बालक से बात कर उसे अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिये रेडक्रॉस से एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता की स्वीकृति दी। इसी तरह उन्होंने व्हीलचेयर क्रिकेट डिसेबल्ड स्पोर्ट्स संगठन के दिव्यांग खिलाड़ियों को क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए एक लाख रूपये की आर्थिक सहायता रेडक्रॉस से मुहैया कराई। साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को टूर्नामेंट हेतु अन्य व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय विभाग श्रीमती सुचिता तिर्की बेक को निर्देश दिए कि दिव्यांग जनों के यूडीआईडी कार्ड अपडेशन जल्द से जल्द कराया जाए साथ ही स्कूटी वितरण हेतु मापदंड निर्धारित किये जाए ताकि सही व्यक्ति तक सही मदद पहुंच सके।

कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने सभी जरूरतमंदों की समस्याओं को सुनकर उन्हें आवश्यकता के अनुरूप मदद दी। उन्होंने पेंशन संबंधी, माता-पिता भरण पोषण संबंधी, अवैध कब्जा एवं अन्य विषयों पर प्राप्त हुई समस्याओं के संबंध में अधिकारियों को उक्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने अनाथ बालिका गायत्री राजपूत को आगे की पढ़ाई एवं नौकरी के लिए रेडक्रॉस के माध्यम से लैपटॉप की स्वीकृति भी प्रदान की। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने आज की जनसुनवाई में रेडक्रॉस से कुल 2 लाख 69 हजार राशि की आर्थिक सहायता विभिन्न जरूरतमंद लोगों को प्रदान की। मंजूर की गई आर्थिक सहायता के तहत पिंकी जोशी, पार्वती सुनहरे एवं लीलाबाई जड़कर को पांच-पांच हजार रूपये, दीपा जोशी, मधुबाला जोशी, सोफिया रहमान एवं कृष्णा उतवाल को तीन-तीन हजार रूपये, इंद्र जोरम एवं व्हीलचेयर क्रिकेट एसोसिएशन को एक-एक लाख रूपये, गीता गौड़ एवं भागचंद बनाफर को दस-दस हजार रूपये, लक्ष्मी गौड़ को दो हजार रूपये, ईशान जयसवाल को साइकिल, लीलाबाई निषाद को हाथ ठेला के लिये 20 हजार रूपये, दिव्या बंसीवाल को स्कूटी तथा गायत्री राजपूत को लैपटॉप की स्वीकृति प्रदान की गई।

# पहली बार बिजली की मांग सात हजार मैगावाट के पार

◆ एक दिन में 11 करोड़ 41 लाख यूनिट बिजली आपूर्ति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मालवा और निमाड़ क्षेत्र में रबी सीजन की सिंचाई जोरदार होने पर बिजली की मांग सर्वोच्च स्तर पर दर्ज हुई है। सोमवार और मंगलवार को अधिकतम बिजली मांग 7 हजार मैगावाट के पार रही। सोमवार को मांग 7022 मैगावाट दर्ज हुई थी, मंगलवार को मांग इस आंकड़े से भी कुछ ज्यादा दर्ज हुई हैं।**

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि कंपनी क्षेत्र में करीब चौदह लाख कृषि पंप चलायमान स्थिति में है। इससे बिजली की मांग में सर्वोच्च स्थिति निर्मित हुई है, कंपनी का अनुमान भी सात हजार मैगावाट के पहुंचने का था, यह सोमवार और मंगलवार को दर्ज हुआ है। श्री तोमर ने बताया कि सिंचाई के लिए सभी 15 जिलों में दैनिक दस घंटे आपूर्ति है, जबकि शेष उपभोक्ताओं घरेलू, गैर घरेलू, औद्योगिक आदि श्रेणी के लिए चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति हो रही है। श्री तोमर ने बताया कि पिछले चौबीस घंटों के दौरान 11 करोड़ 41 लाख यूनिट आपूर्ति हुई है। इसमें सबसे ज्यादा बिजली आपूर्ति इंदौर और धार जिले में डेढ़ करोड़ यूनिट, इसके बाद उज्जैन जिले में 1.37 करोड़ यूनिट, खरगोन जिले में 1.11 करोड़ यूनिट, देवास जिले में 1.10 करोड़ यूनिट बिजली आपूर्ति हुई। शेष जिलों में 30 लाख यूनिट से 85 लाख यूनिट की एक दिन में आपूर्ति हुई।

### पिछले समय कब कितनी मांग

इसी वर्ष पिछले माह बिजली की अधिकतम मांग 6950 मैगावाट दर्ज हुई थी। वर्ष 2022 की रबी सीजन में मांग करीब 6500 मैगावाट तक पहुंची थी। इसके पहले के वर्ष में 6100 मैगावाट, 5800 मैगावाट भी अधिकतम मांग रही थी।

## शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थी प्रस्तुत करेंगे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

**इंदौर।** मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय Steam शिक्षा नीति और शिक्षा पद्धति की अवधारणा के अनुसार कलाओं से शिक्षा को समृद्ध करने, कल्चर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने के उद्देश्य से शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम अनुगूंज-2023 का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम बुधवार, 20 दिसम्बर 2023 को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम, खण्डवा रोड परिसर इंदौर में शाम 5 बजे से आयोजित किया गया है।

# शीत लहर से बचाव को लेकर एडवॉयजरी जारी

**इंदौर।** स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों से शीतघात व शीत लहर को लेकर पर्याप्त सावधानी बरतने की अपील की है। शीत ऋतु में वातावरण का तापमान अत्यधिक कम होने पर शीत लहर का चलना प्रारंभ हो जाता है। जिसके कारण मानव स्वास्थ्य पर अनेक विपरित प्रभाव जैसे सर्दी जुकाम, बुखार, निमोनिया, त्वचा रोग, फेफड़ों में संक्रमण, हाईपोथर्मिया, अस्थमा, एलर्जी होने की आशंका बनी रहती है। प्रभावी शीत लहर से बचने के लिये गर्म एवं ऐसे कपड़े जिनमें कपड़ों की कई परतें होती है वह शीत लहर से बचाव के लिए अत्यधिक प्रभावी होते है। रजाई, कंबल, स्वेटर, गर्म कपड़ों का उपयोग किया जाना चाहिए एवं मफलर, आवरण युक्त जलरोधी जूतों का उपयोग किया जाना चाहिए। इस संबंध में जन जागरूकता के लिए मैदानी स्तर पर आशा, आशा सुपर वाईजर्स, ए एनएम, एमपीडब्ल्यू को जन जागरूकता के लिए निर्देशित किया गया है।



# कांग्रेस के लिए क्राउड फंडिंग अभियान शुरू, 10-10 घर पहुंचेंगे कार्यकर्ता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कांग्रेस के लिए जनता से फंड जुटाने का अभियान सोमवार से इंदौर में शुरू हुआ। स्थानीय कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन पर कांग्रेस पदाधिकारियों ने पार्टी के लिए राशि दान कर अभियान की शुरूआत की।**

कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीसिंह चड्ढा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ऐतिहासिक तिलक स्वराज कोष से कांग्रेस ने अभियान की प्रेरणा ली है। डोनेट फॉर देश अभियान का नाम दिया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शुरू हुए इस अभियान के अगले चरण में कार्यकर्ता आम लोगों के बीच पहुंचेंगे।

कांग्रेस ने अभियान शुरू करते हुए दावा किया कि आम लोगों से पार्टी के लिए फंड जुटाया जा रहा है। केंद्रीय नेतृत्व का उद्देश्य है कि चंदे के लिए देश के कुछ अमीरों पर निर्भरता न रहे। पार्टी आम लोगों की लड़ाई लड़ना चाहती है। अमीरों से दान लेने वाले दल उन्हीं का एजेंडा आगे बढ़ाते हैं। ऐसे में कांग्रेस आम लोगों से सहयोग मांग रही है।

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संभागीय प्रवक्ता विवेक खंडेलवाल ने बताया कि शहर अभियान पार्टी को सशक्त बनाने के लिए प्रारंभ किया गया है, इस अभियान में कांग्रेस के एआइसीसी डेलीगेट्स,प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलिगेट्स, प्रदेश पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व विधायक, पार्षद, मोर्चा संगठन के अध्यक्ष,ब्लॉक अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष,कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी,कांग्रेस पार्टी के समर्थकों को मात्र 138, 1380,13800 रुपये का योगदान पार्टी के लिए दान करना है।

कांग्रेस जन ने आज ऑनलाइन डोनेट फॉर देश के प्लेटफार्म पर जाकर राशि दान की। पूर्व शहर अध्यक्ष प्रमोद टंडन, राजेश चोकसे, अरविंद बागड़ी, विवेक खंडेलवाल, जय हार्डिया, मुकेश यादव, साक्षी शुक्ला, गिरधर नागर, अमन बजाज, गिरीश जोशी, देवेंद्र सिंह यादव, निलेश पटेल, रमीज खान, अंकित खड़ायता, सत्यनारायण सलवाड़िया, जोहर मानपूर्वल, रफीक अल्वी, नासिर खान ने इस अभियान के शुरूआती हिस्से में दान किया।

अब कांग्रेस के पदाधिकारी घर-घर लोगों के बीच पहुंचेंगे। आम लोगों से भी लोकतंत्र बचाने के लिए दान की अपील की जाएगी। हर दानदाता को एक प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा। पहली बार कांग्रेस ने लोगों से दान जुटाने का अभियान शुरू किया है।

# परीक्षा परिणाम और शिक्षकों की कड़ी मेहनत ने किया अभिभूत : डॉ. कपूर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

नारायण स्कोलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट में सफल विद्यार्थियों के लिए सक्सेस मीट का आयोजन इंदौर की विजय नगर शाखा में किया गया। छात्रों को सम्मानित करने के साथ-साथ उन्हें पुरस्कार और 100 फीसदी तक स्कॉलरशिप भी दी गई है. नारायणा, देश का अग्रणी इंजीनियरिंग और मेडिकल कोचिंग संस्थान इंदौर विजयनगर में स्थित है। और अकादमी द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित नारायण स्कोलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट के 18वें संस्करण के परिणाम हाल ही में घोषित किए गए। 17 दिसंबर, रविवार को




इस शैक्षिक परीक्षा में सफल छात्रों के लिए सक्सेस मीट एनएसएटी उत्सव 2023 का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक-आईपीएस डॉ. वरुण कपूर ने कहा कि वे नारायण इंदौर विजयनगर शाखा के विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम और शिक्षकों की कड़ी मेहनत से अभिभूत हैं। उन्होंने बताया कि कैसे सम्मान, ईमानदारी और सच्चाई किसी के जीवन और करियर पर प्रभाव डाल सकती है। शाखा निदेशक धीरज तिवारी ने बताया कि रविवार को आयोजित समारोह में इस परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को लाखों रुपये के नकद पुरस्कार दिये गये. इसके अलावा परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को नारायण के किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने पर 100 प्रतिशत तक की छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाती थी। जिन स्कूलों और संस्थानों के छात्र नारायण स्कोलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट में टॉपर रहे, उन्हें नकद पुरस्कार के साथ ट्रॉफी भी दी गई। इसका उद्देश्य भविष्य के डॉक्टरों और इंजीनियरों का चयन करना था। एनएसएटी 2023 परीक्षा 1,15 और 29 अक्टूबर को ऑफलाइन मोड में और 8 से 12 अक्टूबर 2023 तक ऑनलाइन मोड में आयोजित की गई थी। नारायण की यह पहल 7वीं से 11वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्रों के लिए बहुत उत्साहजनक साबित हुई और बड़ी संख्या में छात्र इस परीक्षा में शामिल हुए। शाखा प्रबंधक अशोक पांडे ने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के लिए प्रवेश शुरू हो गए हैं और भविष्य के करियर के लिए निर्णय लेने का यह सही समय है।

# पूर्व वन मंत्री शाह के लिए एसटीआर में चिकन पार्टी

### फॉरेस्ट स्टाफ ने कोर एरिया में आग जलाई

### कांग्रेस ने कहा- एफआइआर हो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में पूर्व वन मंत्री की आवभगत के दो वीडियो सामने आए हैं। इनमें फॉरेस्ट गार्ड चिकन, बाटी और भरता पकाते दिख रहे हैं। एक वीडियो हरसूद से भाजपा विधायक विजय शाह और उनके मित्र का है, जो शाह ने खुद बनाया है। दोनों वीडियो 15 से 18 दिसंबर के बीच के बताए जा रहे हैं।**

फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के अफसर और कर्मचारी शाह को प्राइवेट गाड़ियों से पचमढ़ी स्थित रोरीघाट सिद्ध बाबा की पहाड़ी तक ले गए। यहां आग जलाकर चिकन, भरता और बाटी बनाकर उन्हें पार्टी दी। वीडियो में खिदमत में लगे फॉरेस्ट गार्ड नजर आ रहे हैं। वे कुर्सियां उठाते और पार्टी का सामान लाते दिख रहे हैं। नियम यह कहता है कि रिजर्व एरिया में आग नहीं जला सकते, न ही पार्टी कर सकते हैं।

मामले की शिकायत वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) असीम श्रीवास्तव से की है। उन्होंने अपनी शिकायत में विधायक विजय शाह का जिक्र किया है। शाह, शिवराज सरकार में वन मंत्री रह चुके हैं। प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने फील्ड डायरेक्टर एल. कृष्णमूर्ति से जवाब तलब कर लिया है।

कांग्रेस ने मामले में विजय शाह के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने की मांग की है। युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुणाल चौधरी ने कहा- शाह ने पद का दुरुपयोग किया है। भाजपा सरकार इस पर जवाब दे। वहीं, डबरा से विधायक सुरेश राजे ने कहा- जहां माचिस की एक तीली भी नहीं ले जा सकते, वहां कुछ पकाया जा रहा है। एक तरफ बीजेपी सरकार खुले में मांस-मछली बेचने पर रोक लगा रही है, दूसरी तरफ उनके नेता टाइगर रिजर्व में पार्टी कर रहे हैं। ये दोहरी मानसिकता का प्रतीक है।

# बेटा नहीं हुआ तो पत्नी का गला घोंटा

## ◆ सूने मकान में बंदकर भाग निकला पति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। ग्वालियर में बेटा नहीं होने पर युवक ने पत्नी की हत्या कर दी। वह सफाई करने के बहाने पत्नी को दूसरे घर ले गया। वहां उसका गला घोंट दिया। पत्नी बेहोश हुई तो मरा समझकर बाहर से ताला लगाकर भाग गया। महिला ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया।**

वारदात 13 दिसंबर की है। मंगलवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के कारण की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने बताया- आरोपी दशरथ पाल (33) मुरार स्थित सुतारपुरा में परिवार के साथ रहता है। उसकी दो बेटियां (4 और 6 साल) हैं। परिवार का एक मकान सिरोल थाना स्थित हुरावली गणेश डेयरी के पास भी है। फिलहाल, वहां कोई नहीं रहता। परिवार के लोग सप्ताह में एक बार साफ-सफाई करने जाते हैं। वारदात के दिन सुबह 8.30 बजे आरोपी पत्नी सृष्टि पाल (29) को वहीं लेकर गया था।

### पड़ोसी का फोन कॉल आया तो पहुंचा देवर

13 दिसंबर को सुबह 11 बजे दशरथ के छोटे भाई मनीष पाल को हुरावली में रहने वाले पड़ोसी पप्पू फौजी का कॉल आया। उसने बताया- तुम्हारे घर पर ताला लगा है, लेकिन अंदर से महिला के रोने की आवाज आ रही है। इस पर मनीष वहां पहुंचा। दरवाजे पर लगा ताला तोड़कर अंदर गया। कमरे में भाभी सृष्टि बेहोश जमीन पर पड़ी थी। गले में चोट का निशान था।

मनीष ने सृष्टि को हॉस्पिटल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान 14 दिसंबर को सृष्टि ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम करवाया। मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया।

### भाई का आरोप- फंदे पर लटका दिया था

सृष्टि के भाई अजय कुमार बघेल ने पुलिस को बताया, ह्वाबहन की शादी करीब नौ साल पहले हुई थी। उसकी दो बेटियां हैं। बहनोई बेटा चाहता था। आए दिन इसी बात पर ताना देता था। कई बार बेरहमी से बहन को पीटता भी था। वारदात से तीन दिन पहले भी बहन के साथ मारपीट की थी। उसे मारने के लिए गले में फंदा तक डाल दिया था। ऐन मौके पर सृष्टि का देवर मनीष आ गया। उसने बचा लिया। यह बात सृष्टि ने ही हमें बताई थी।

### 5 दिन बाद केस, आरोपी गिरफ्तार

19 दिसंबर को इस मामले की शॉर्ट पीएम रिपोर्ट पुलिस को मिली। इसमें पता चला कि महिला की गला दबाकर हत्या की गई है। पुलिस ने सृष्टि के ससुराल और मायके वालों के बयान लिए।

एएसपी निरंजन शर्मा का कहना है कि मायके पक्ष के बयान और साक्ष्य के आधार पर गला घोंटकर हत्या करने का खुलासा हुआ है। दशरथ पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

# भाजपा नेता को पत्नी समेत जेल

### मंदसौर में 87 करोड़ के राशन घोटाले में कोर्ट ने 11 दोषियों को सुनाई सजा; 18 साल चली सुनवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर।** मंदसौर में 18 साल पुराने 87 करोड़ रुपए से ज्यादा के राशन घोटाले में भाजपा नेता को पत्नी समेत जेल की सजा सुनाई गई। किशोर कुमार गेहलोत की विशेष कोर्ट ने ये फैसला सुनाया। कोर्ट ने इस मामले में 4 पुरुष और 7 महिला आरोपियों को दोषी करार दिया है। राशन घोटाला 2002 में सामने आया था। जांच के बाद 2005 में मामला कोर्ट में पहुंचा। जिसमें सोमवार को सुनवाई हुई।

कोर्ट ने 4 पुरुष आरोपियों को 5-5 साल और 7 महिला आरोपियों को 4-4 साल जेल की सजा सुनाई। हर आरोपी पर 4 लाख 61 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। इस मामले में कुल 16 आरोपी थे। इनमें पांच आरोपियों की मौत हो चुकी है। करीब 18 साल कोर्ट में सुनवाई के दौरान 252 पेशी हुई। इन सभी पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों को बांटे जाने वाली खाद्य सामग्री गेहूं आदि को खुले बाजार में बेचने का दोषी पाया गया।

### घोटाले के समय कांग्रेस पार्टी में थे

राशन घोटाले के मुख्य आरोपी राजेंद्र सिंह गौतम और इनकी पत्नी योगेश देवी है। गौतम और उनकी पत्नी उस समय जिला सहाकरी उपभोक्ता भंडार के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के साथ कांग्रेस नेता थे। वर्तमान में राजेंद्र गौतम भाजपा नेता और जिला सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष है। वहीं महमूद मंसूरी तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी थोक उपभोक्ता भंडार के पद पर पदस्थ थे।

### इन आरोपियों को सजा

राजेन्द्र सिंह गौतम (68), मेहमूद पिता इब्राहिम मंसूरी (66), रामचंद्र दरक (65), नजमा पति लियाकत हुसैन (52), शीला देवी शर्मा (62), रमादेवी राठौर (50), राखी राठौड़ (48) ,मालती देवी सोनी (64), योगेश देवी गौतम (66), हेमा पति हेमंत कुमार हिंगड (57), हेमंत पिता मिश्रीलाल हिंगड (60)।

### गबन कर सरकार को लगाई करोड़ों रुपए की चपत

आरोपियों ने साजिश के तहत 87 करोड़ 83 लाख 92 हजार 28 रुपए की आर्थिक अनियमितता की। सरकारी गेहूं को खुले बाजार में बेचकर 35 लाख 83 हजार 596 रुपए का गबन किया और लोकसेवा पद का दुरुपयोग कर शासन को करोड़ों रुपए की आर्थिक हानि पहुंचाते हुए भ्रष्टाचार किया।

# महिला ने साथियों के साथ की युवक की हत्या

### उज्जैन में डंडे और सरिये से बेदम होने तक पीटते रहे बाइक भी तोड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। उज्जैन में 15 दिन पहले हुए मर्डर का वीडियो अब सामने आया है। महिला और उसके साथी युवक पर डंडे और सरिये लेकर टूट पड़े। हमले से युवक जमीन पर गिर पड़ा। आरोपी उसे बेदम होने तक पीटते रहे। युवक ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया था।**

घटना बड़नगर में 3 दिसंबर की रात 9 बजे की है। यहां खोब चौक में रंजिश को लेकर जुगार राठौर (28) को राजा उर्फ कालिया, प्रियांक डोरिया, मनोज श्रवण और 3-4? साथियों ने लाठी - सरिये से पीटा था। बाइक में भी तोड़फोड़ की थी। जुगार अपने दोस्त रामेश्वर माली के साथ खोब दरवाजा स्थित शराब दुकान पहुंचा था, तभी आरोपियों ने दोनों को घेर लिया था। हमले में रामेश्वर को भी चोट आई थी। गंभीर हालत में जुगार को बड़नगर से उज्जैन जिला अस्पताल रेफर किया गया था। यहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई थी।

**तीन आरोपी गिरफ्तार, महिला समेत 3 फरार-** बड़नगर थाना प्रभारी मनीष दुबे ने बताया कि पोर्स्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आरोपियों पर हत्या का केस दर्ज किया गया था। एफआइआर रामेश्वर माली ने दर्ज कराई थी। जुगार सिंह और आरोपियों के बीच ठेला लगाने को लेकर पुरानी रंजिश थी। घटना वाले दिन दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई। इसके बाद आरोपियों ने हमला कर दिया। तीन आरोपी राकेश राज, इकबाल और प्रियांक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। महिला समेत तीन आरोपी फरार हैं।

# एसबीआई की रिपोर्ट में दावा- लाड़ली बहना से जीती भाजपा

### जिन 24 विधानसभा सीटों पर हारने का डर था, वहां भी पलटी बाजी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा की बंपर जीत के पीछे लाड़ली बहना योजना मुख्य वजह रही या मोदी की गारंटी नतीजे आने के बाद इसे लेकर काफी बयानबाजी हुई। हाल ही में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की तरफ से जारी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भाजपा की जीत के पीछे मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना एक प्रमुख फैक्टर रहा।**

रिपोर्ट में बताया गया है कि एमपी में 10 हजार से कम मार्जिन वाली सीटों में भाजपा की जीत का चांस 28 प्रतिशत था, लेकिन लाड़ली बहना इफेक्ट के चलते जीत का चांस 100 प्रतिशत हो गया। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2029 के बाद सभी चुनावों में महिला वोटर निर्णायक होंगी।

एसबीआई के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. सौम्य कांतिघोष और उनकी टीम ने इस रिपोर्ट को तैयार किया है। लाड़ली बहना को लेकर तैयार की गई रिपोर्ट में उन्होंने लोकसभा 2024 के साथ ही वर्ष 2047 को लेकर भी एक राजनीतिक डेटा पेश किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक अब देश की राजनीति को महिला वोटर्स ही दिशा देंगी। लाड़ली बहना की वजह से एमपी में 1 प्रतिशत वोट भाजपा को जिलेवार बढ़कर मिले हैं। जिलेवार चुनावी सफलता में इसकी दर 0.36 प्रतिशत है। 8 निर्वाचन क्षेत्रों में हर एक में औसतन लाड़ली बहना इफेक्ट्स के चलते भाजपा को जीत मिली है। 8 जिलों में कम से कम 30 से 35 सीटें हैं।

**करीबी मुकाबले वाली सीटों पर भाजपा ने ऐसे जीत दर्ज की-**एसबीआई की रिपोर्ट में बताया गया है कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना स्कीम महिला सशक्तिकरण का एक प्रमुख उदाहरण है। इस योजना के चलते महिलाएं आर्थिक रूप से अधिक स्वतंत्र हुई हैं। वे अपनी प्राथमिकताओं के अनुसार इस पैसे को खर्च कर रही हैं। बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण में भी इससे फर्क आया है। यही कारण था कि जब वोट देने की बारी आई तो महिलाओं ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया।

रिपोर्ट के मुताबिक -2023 के चुनाव में विधानसभा की 24 सीटें ऐसी थीं जहां भाजपा को कड़ी टक्कर मिल रही थी। 70 फीसदी सीटों पर कांग्रेस का पलड़ा भारी नजर आ रहा था, लेकिन लाड़ली बहना योजना की वजह से सभी पर भाजपा जीत गई। इनमें शाजापुर, मांधाता, गुन्नौर, सोहागपुर, सुरखी, जावद, गुढ़, ग्वालियर दक्षिण, सेंधवा, लांजी, करैरा, धौहनी, अलीराजपुर, त्योंथर, मुंगावली, बड़वाह, शाहपुरा, पेटलावद, राजनगर, महेश्वर, छतरपुर, मऊगंज, आष्टा और सबलगढ़ शामिल है। इन 24 सीटों में भाजपा के पास 2018 में सिर्फ 7 सीटें सोहागपुर, जावद, गुढ़, धौहनी, त्योंथर, मुंगावली और आष्टा ही थी।

**लाड़ली बहना ने एंटी इनकम्बेंसी को प्रो-इनकम्बेंसी में बदल दिया-** रिपोर्ट के मुताबिक 18 साल से सत्ता में रही भाजपा के प्रति चुनाव से पहले एंटी इनकम्बेंसी थी। लाड़ली बहना स्कीम के चलते ये प्रो-इनकम्बेंसी में बदल गया। लाड़ली बहना का असर ये रहा कि इस बार 2018 की तुलना में 3.67 लाख अधिक महिलाओं ने मतदान किया। सर्वाधिक महिलाओं वाले तीन जिले पन्ना, विदिशा व दमोह जिलों में लाड़ली बहना योजना के चलते सभी निर्वाचन क्षेत्रों में बीजेपी की जीत हुई। सर्वाधिक महिला सशक्तिकरण वाले 10 जिलों में लाड़ली बहना के चलते बालाघाट को छोड़कर अन्य में कम से कम 50 प्रतिशत निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा को जीत मिली है।

New Delhi

# JN.1 Variant: केरल के बाद महाराष्ट्र समेत दो राज्यों में भी मिला कोरोना का नया वेरिएंट, 9 दिनों में दोगुना हुए केस

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश में कोरोना वायरस के कारण स्थिति लगातार चिंताजनक बनती जा रही है। केरल के बाद अब दो और राज्यों में कोरोना के नए वेरिएंट JN.1 की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही भारत में कोरोना के केस नौ दिनों के भीतर दोगुना हो गए हैं। केरल के बाद महाराष्ट्र और गोवा में नए वेरिएंट के 19 मामलों का पता लगा है। इसमें से एक मामला महाराष्ट्र का है, जबकि 18 मामले गोवा के बताए जा रहे हैं। देश में कोरोना के केस बढ़कर 2 हजार के करीब पहुंच गए हैं। जबकि 11 दिसंबर को कोरोना के मामले 938 थे। महामारी के फिर लौटने से केंद्र ने गहरी चिंता जताई है। आज इस मसले पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया सभी राज्यों के मंत्रियों के साथ बैठक करने वाले हैं।




कोरोना का यह नया वेरिएंट JN.1 इस वक्त अमेरिका, चीन और सिंगापुर में जमकर कहर बरपा रहा है। बड़ी संख्या में लोग बीमार पड़ रहे हैं। अस्पतालों में भी बेड फुल हैं। सिंगापुर ने तो सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को मास्क पहनने की सलाह दी है। उधर, WHO ने इस नए वेरिएंट को क्लासिफाइड करते हुए 'वेरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' की कैटेगरी में डाल दिया है। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इस नए वेरिएंट से लोगों में कोरोना तेजी से तो फैल रहा है लेकिन, मौत की संख्या काफी कम है। इसलिए डरने के बजाय सतर्क रहने की जरूरत है। संगठन का दावा है कि बाजारों में उपलब्ध वैक्सीन इस नए वेरिएंट को मात देने में पूरी तरह से सक्षम है।

नेशनल इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) कोविड टास्क फोर्स के सह-अध्यक्ष डॉ. राजीव जयदेवन ने बताया, 'जेएन.1 पश्चिमी देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाला कोरोना का नया वेरिएंट है। इन देशों में यह तेजी से फैला है।

Bihar

## बिहार में शराब तस्कर ने दारोगा को कार से कुचला, सड़क किनारे खड़े होकर कर रहे थे चेकिंग

**बेगूसराय, (एजेंसी)** बिहार के बेगूसराय में शराब तस्कर ने एक दारोगा और होमगार्ड जवान को कुचल दिया, जिससे दारोगा की मौत हो गई. वहीं एक होमगार्ड जवान गंभीर रूप से घायल हो गया. दरअसल, पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर वाहन जांच के लिए सड़क पर खड़ी थी. तभी तेज रफ़्तार ऑल्टो कार ने दारोगा को कुचला और फरार हो गया.

इस घटना में दरोगा सड़क किनारे गिर गए और पत्थर से चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई. जबकि, होमगार्ड जवान जख्मी हो गया. जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पूरी घटना नावकोठी थाना क्षेत्र के छतौना गांव के निकट बुद्धि गंडक किनारे की है.

जानकारी के मुताबिक, शहीद नावकोठी थाना में पुलिस को सूचना मिली की एक ऑल्टो कार से कोई शख्स शराब लेकर जा रहा है. जानकारी पर कार्रवाई करते हुए रात्रि गश्ती गाड़ी को भेजा गया. पुलिस ने रास्ते में गश्ती गाड़ी को छतौना बूढ़ी गंडक नदी पुल के पास रोका. वहां वाहनों की चेकिंग की जाने लगी. इस दौरान ऑल्टो कार वहां आई. जैसे ही पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की तो कार चालक ने गाड़ी की स्पीड बढ़ा दी.

Uttarpradesh

## पति चाकू से करता रहा वार, दिव्यांग बेटा सुन न सका मां की चीख-पुकार...

**लखनऊ, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के थाना ठाकुरगंज छेत्र से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है. यहां एक पति ने अपनी ही पत्नी को 18 बार चाकू गोदकर उसकी निर्मम हत्या कर दी. दरअसल, पति-पत्नी में अक्सर विवाद होता रहता था. कभी पैसों को लेकर तो कभी एक दूसरे पर अवैध संबंधों के शक में. पति शराब पीने और जुआ खेलने का आदि था. अक्सर जुआ खेलने के लिए पत्नी से पैसे मांगता था. जब पैसे न मिलते तो लड़ाई झगड़ा करता. डीसीपी वेस्ट राहुल राज ने बताया कि ठाकुरगंज थाने में अमन साहू नामक युवक ने FIR दर्ज करवाई. बताया कि उसके जीजा ने उसकी बहन की हत्या कर दी है. पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की. लेकिन वो नहीं मिला. फिर पुलिस ने डॉग स्क्वायड से लेकर फोरेंसिक टीम, फील्ड यूनिट टीम और सर्विलांस टीम से मदद ली. पता चला कि आरोपी कृष्णानगर में छिपा बैठा है. उसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया.

New Delhi

## पंजाब-हरियाणा में 5 दिनों तक शीतलहर का अलर्ट, यूपी-बिहार में भी गिरेगा पारा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** अरब सागर और उत्तर प्रदेश के ऊपर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। इसके अलावा, 22 दिसंबर तक एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ के पश्चिमी हिमालय के पास पहुंचने की संभावना है। इसके कारण देश के कई हिस्सों में मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के ताजा अपडेट्स के मुताबिक, पंजाब और हरियाणा में अगले पांच दिनों तक, उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश में अगले दो दिनों तक और असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में अलग-अलग हिस्सों में आज घना कोहरा छाने की संभावना है।

आईएमडी के मुताबिक, लक्षद्वीप में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश संभव है। वहीं, तमिलनाडु और केरल में हल्की से मध्यम बारिश संभव है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भी कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग ने कहा है कि बिहार में भी हल्का कोहरा छाया रह सकता है। अगले दो दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम और मध्य भारत में न्यूनतम तापमान में गिरावट हो सकती है। मंगलवार की बात करें तो पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के अधिकांश हिस्सों में तापमान में कमी देखी गई। उत्तर प्रदेश, उत्तर-पश्चिमी राजस्थान, पूर्वी मध्य प्रदेश, उत्तरी छत्तीसगढ़, पश्चिम बिहार और झारखंड के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान 4C-8C के बीच था।

खेल

## दक्षिण अफ्रीका ने सीरीज में की वापसी, टोनी डि जॉर्जी के शतक की बदौलत भारत को हराया

**पोर्ट एलिजाबेथ। दक्षिण अफ्रीका ने तीन वनडे मैचों की सीरीज में शानदार वापसी की है। उसने गकबेराह के सेंट जॉर्ज पार्क में दूसरे वनडे को आठ विकेट से जीत लिया। इस जीत के साथ ही उसने सीरीज को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। पहला मैच भारत ने जोहानिसबर्ग में आठ विकेट से जीता था। सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला 21 दिसंबर को पार्ल में खेला जाएगा।**



सेंट जॉर्ज पार्क में भारत की यह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांचवीं हार है। उसे यहां मेजबान टीम के खिलाफ सिर्फ एक मैच में हार जीत मिली है। भारत यहां 1992, 1997, 2006, 2011 और 2023 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हारा है। उसे इकलौती जीत 2018 में मिली थी।

मैच में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। उनका यह निर्णय सही साबित हुआ। टीम इंडिया 46.2 ओवर में 211 रन पर सिमट गई। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 42.3 ओवर में दो विकेट पर 215 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। उसके लिए युवा ओपनर टोनी डि जोर्जी ने अपना पहला वनडे शतक लगाया।

टोनी डि जोर्जी और रीजा हेंड्रिक्स ने 212 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार शुरुआत की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 130 रन की साझेदारी की। हेंड्रिक्स 81 गेंद पर 52 रन बनाकर अर्शदीप सिंह का शिकार बने। उनके बाद रसी वान डर डुसेन और जोर्जी ने मिलकर टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। डुसेन 51 गेंद पर 36 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें रिंकू सिंह ने विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों कैच कराया। रिंकू ने अपने पहले ही वनडे में पहला विकेट ले लिया। जोर्जी 122 गेंद पर 119 और कप्तान एडेन मार्करम दो रन बनाकर नाबाद रहे। जोर्जी ने नौ चौके और छह छक्के लगाए।

भारत के लिए साई सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 62 रन बनाए। उनके करियर का यह दूसरा मैच है और उन्होंने दोनों मुकाबलों में अर्धशतकीय पारी खेली है। कप्तान केएल राहुल ने 56 रन की पारी खेली। अर्शदीप सिंह ने 18 रन बनाए।

रिंकू सिंह अपने डेब्यू वनडे में 17 रन ही बना सके। संजू सैमसन 10 और तिलक वर्मा 10 रन बनाकर आउट हुए। आवेश खान ने नौ, अक्षर पटेल ने सात, ऋतुराज गायकवाड़ चार और कुलदीप यादव एक रन बनाकर आउट हुए। मुकेश कुमार ने नाबाद चार रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए नंद्रे बर्गर ने तीन विकेट लिए। ब्यूरेन हेंड्रिक्स और केशव महाराज को दो-दो सफलता मिली। लिजाद विलियम्सन और एडेन मार्करम ने एक-एक विकेट लिए।

सिनेमा

## गौरी खान को मिला धोखाधड़ी केस में नोटिस? ED ने बताया फेक, नहीं किया समन



बीते दिन बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान को ईडी से नोटिस मिलने की खबर ने सनसनी मचा दी थी.रिपोर्ट्स में सामने आया था कि गौरी पर एक रियल एस्टेट कंपनी को एंडोर्स करने का आरोप है, जो 30 करोड़ रुपये हड़पने के मामले में शामिल है. लेकिन आपको बता दें, ये खबर फेक है. खुद प्रवर्तन निदेशालय यानी ED ने इस न्यूज को कन्फर्म किया है. एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट ने इस खबर को गलत बताते हुए कन्फर्म किया कि गौरी के खिलाफ कोई नोटिस नहीं भेजा गया है. ना ही परमिशन लेने जैसी कोई तैयारी की जा रही है. ये खबर पूरी तरह से गलत है. गौरी के खिलाफ कार्रवाई करने की कोई तैयारी नहीं की जा रही है. गौरी खान एक जानी मानी सेलिब्रिटी इंटीरियर डिजाइनर हैं. वो शाहरुख खान की रेड चिलीज एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन हाउस से भी जुड़ी हुई हैं. बीते दिन आई खबरों में कहा गया कि गौरी को ईडी ऑफिस से नोटिस देने की अनुमति लेने की तैयारी की जा रही है. परमिशन मिलने के बाद ईडी गौरी से पूछताछ करेगी. गौरी से पूछताछ में पता लगाया जाएगा कि तुलसियानी ग्रुप ने गौरी को ब्रांड एंबेसडर बनाने के लिए कितना भुगतान किया है. यह पैसे कैसे उनको दिए गए. साथ ही इसके लिए क्या-क्या अनुबंध हुआ है.

## संपादकीय


# कोरोना को पैर पसारने का मौका

भारत जैसे देश में, जहां बहुत सारे इलाकों में भीड़भाड़ अधिक रहती है, लोगों में साफ-सफाई को लेकर जागरूकता कम है, खांसी-जुकाम जैसी शिकायतों में प्रायः अनदेखी और देसी उपचार पर अधिक भरोसा देखा जाता है, वहां किसी भी तरह की लापरवाही कोरोना जैसे विषाणु को पांव पसारने का मौका देती है। इसलिए केंद्र और राज्य सरकारों की चिंता वाजिब है। कोरोना को लेकर मंत्रालय ने सभी राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों को पत्र लिख कर इससे सावधान रहने को कहा है। तमिलनाडु और केरल सरकार ने लोगों को कोरोनोचित एहतियाती उपाय बरतने का निर्देश जारी कर दिया है। दरअसल, कोरोना की दो बड़ी लहरों ने देश में जितने बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान पहुंचाया, उसके अनुभवों से अब सरकार किसी भी तरह का जोखिम लेने को तैयार नहीं है। यह अच्छी बात है कि शुरुआती मामला सामने आने के तुरंत बाद सरकारें सतर्क हो गई हैं और लोगों को भी जागरूक रहने को प्रेरित कर रही हैं। कोरोना के शुरुआती मामले केरल से ही फैले थे, जो देश भर में तबाही का कारण बने। हालांकि अभी उसके नए बहुरूप के प्रभाव इतने खतरनाक नहीं हैं कि उसे लेकर बहुत घबराने की जरूरत है, मगर मामूली लापरवाही भी महामारी का रूप ले सकती है। बड़ी मुश्किल से कोरोना के फैलाव पर काबू पाया जा सका था। देश भर में टीकाकरण और सख्त नियमों के जरिए लोगों को सुरक्षित किया जा सका। मगर चिकित्सा विज्ञानियों का कहना था कि कोरोना विषाणु सदा के लिए समाप्त नहीं हो सकता। यह रूप बदल-बदल कर हमारे बीच में ही उपस्थित रहेगा और हमें अब इसके साथ ही जीने की आदत डालनी होगी। यानी महामारी की छाया बनी हुई है। दरअसल, कोई भी विषाणु पूरी तरह समाप्त नहीं होता, वातावरण, मौसम आदि के मुताबिक अपना रूप बदल लिया करता है। उससे पार पाने के लिए प्रतिरोधक क्षमता विकसित करनी पड़ती है। पहले भी प्रतिरोधक टीकों के जरिए ही अनेक महामारी फैलाने वाले विषाणुओं पर काबू पाने में कामयाबी पाई जा सकी है।

**Quote...**

> "In the end, it's not the years in your life that count. It's the life in your years."
>
> -Abraham Lincoln

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**जरूरत नहीं की हर रिश्ते का अंत लड़ाई हो, कुछ रिश्ते किसी की खुशी के लिए भी छोड़ना पड़ते हैं...**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## ज्ञान-विज्ञान

# अंतरिक्ष में वैज्ञानिक लगाना चाहते हैं 'छाता'

## पृथ्वी पर नहीं आएगी सूर्य की रोशनी, जानें वजह




**वॉशिंगटन। दुनिया में आज के समय ग्लोबल वॉर्मिंग एक बड़ी समस्या है। धरती का तापमान हर साल बढ़ता जा रहा है। दुनिया भर के वैज्ञानिक इसका हल निकालने की कोशिश में लगे हैं। वैज्ञानिक धरती के लिए एक 'छाता' बनाना चाहते हैं, जो सूर्य की गर्मी को आने से रोके। वैश्विक जलवायु परिवर्तन को रोकने में मदद करने के लिए अंतरिक्ष आधारित सनशेड का अध्ययन और प्रचार करने के लिए एक समूह का गठन किया गया है। इस विचार पर वर्षों से चर्चा की जाती रही है। लेकिन प्लैनेटरी सनशेड फाउंडेशन ऐसे पेपर तैयार करता रहा है, जो इस अवधारणा का समर्थन करते हैं।**

फाउंडेशन का मानना है कि सौर विकिरण को मैनेज करना ग्लोबल वॉर्मिंग का सबसे अच्छा समाधान हो सकता है। जलवायु परिवर्तन के असर को बदलने के तीन तरीके हैं। पहला उत्सर्जन में कमी, दूसरा कार्बन डाइऑक्साइड हटाना और तीसरा सौर विकिरण को मैनेज करना। दुनिया के औसतन तापमान को वर्तमान औसत से 1.5 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बढ़ने से रोकने के प्रयासों को लेकर एक समझौता है। लेकिन तापमान जितना घटेगा, जलवायु परिवर्तन का असर उतना ही कम होगा। शोधकर्ताओं का कहना है कि अगले दशक में 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ सकता है।

### कैसे रोक सकते हैं जलवायु परिवर्तन

जलवायु परिवर्तन चरम मौसम घटनाओं के लिए जिम्मेदार है, जिसमें समुद्र के स्तर में बढ़ोतरी, जंगलों की आग और बर्फ का पिघलना शामिल है। मॉर्गन गुडविन प्लैनेटरी सनशेड फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक हैं। अंतरिक्ष में सनशेड बनाने को लेकर उनका मानना है कि वर्तमान में डीकार्बोनाइजेशन रणनीतियां जरूरी हैं। गुडविन का कहना है, 'जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे प्रभावों से बचने के लिए दुनिया को तेजी से जीवाश्म ईंधन का इस्तेमाल बंद करना चाहिए। वायुमंडल से गीगाटन कार्बन हटाना चाहिए और सौर विकिरण को सीमित करना चाहिए।'

### क्या है प्लान

सूर्य की रोशनी को रोकने के लिए अंतरिक्ष में एक मेगास्ट्रक्चर बनाया जाएगा, जो सूर्य और पृथ्वी के बीच लैग्रेंज-1 पॉइंट पर स्थापित होगा। प्लान ये है कि जब अंतरिक्ष में यह बनकर तैयार हो जाए तो सूर्य की ज्यादातर रोशनी को अंतरिक्ष में वापस रिफ्लेक्ट कर देगा। फाउंडेशन का कहना है कि प्लैनेटरी सनशेड का निर्माण संभव है। फाउंडेशन का कहना है कि अंतरिक्ष टेक्नोलॉजी तेजी से बदली है जिससे आज के समय लोगों और सामग्री को भेजने की लागत में गिरावट आई है, जो इसे संभव बना सकता है।

## Highlights

1. **Women MPs not given equality, called at end to speak: BJP's Meena**
2. **India not behind Pak's miseries, we shot ourselves in our own foot: Nawaz Sharif**
3. **4 who uploaded Rashmika Mandanna's deepfake video tracked down: Delhi Police**
4. **Opp'n MPs ask too many questions, hence got suspended: Hema Malini**

# Reliance paid ₹254 crore to this German firm to use its brand name in India

**Mumbai, (Agency).** Reliance Industries has paid a whooping sum of ₹254 crore to German multinational company METRO AG till September 2023 for using the company's brand name in India.

Reliance Industries acquired Dusseldorf-based METRO AG's wholesale chain in India last year in a ₹2,850 crore deal.

"METRO AG is providing certain transitional services and licences as part of the transaction to enable the new owner to operate the business," the German company said in its annual report. "...As part of the sale of METRO India, a licence payment of €28 million (around ₹254 crore) received in advance for using the METRO brand is recognised in the financial year."

On December 22, 2022, METRO AG signed an agreement to sell METRO India to Reliance Retail Ventures Limited (Reliance). The sale of METRO India, including all 31 wholesale stores and the




entire real estate portfolio (6 store locations), to Reliance was successfully concluded on 11 May 2023.

"Due to the increasing level of market consolidation, the accelerated digitalisation and the intense competition, the business of METRO India no longer aligns with METRO's Core growth strategy," the multinational said in its annual report.

Metro AG, in its report, added that after taking into account the outgoing cash and including the prepayment for the use of the METRO brand, the preliminary net cash inflow for the disposed assets and liabilities amounted to €0.3 billion ( ₹2,731 crore).

"The positive EBITDA-effective earnings from the disposal of METRO India amounts to €150 million, including transaction costs. It is fully attributable to the segment East and is allocated to transformation gains as a portfolio measure," it added.

"The components of other comprehensive income from currency translation differences attributable to the shareholders of METRO AG still included in the equity of METRO India until the date of de-consolidation had an effect of €-44 million in the financial result due to the de-recognition through profit or loss."

# Azad Engineering IPO opens for subscription today: Check price band, GMP

**NEW DElHI, (Agency)** Hyderabad-based Azad Engineering's initial public offering (IPO) opened for subscription on Wednesday. The ₹740 crore issue will be up for subscription till Friday, December 22.

The company announced the price band of the IPO at ₹499-524. The issue comprises ₹500 crore offer for sale (OFS) component by promoters and external




investors. "The remaining ₹240 crore will be raised through fresh issue of shares," the company's Chairman and Managing Director Rakesh Chopdar told PTI.

IPO stands for Initial Public Offering and it is when the promoters of the company in question for the first time want to raise additional funds by offering shares of the company.

IPO stands for Initial Public Offering and it is when the promoters of the company in question for the first time want to raise additional funds by offering shares of the company.

# शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। हरदा जिले के हंडिया थाना पुलिस ने एक नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। आरोपी शादी का झांसा देकर उसे इंदौर ले आया और दुष्कर्म किया।**

हंडिया थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हंडिया थाना क्षेत्र के गांव की रहने वाली एक नाबालिग लकड़ी अपने मामा के घर गई हुई थी। जहां उसकी पहचान आरोपी विमलेश पिता महताब सिंह उम्र 23 साल से हो गई थी। जिसके बाद नाबालिग अपने गांव वापस आ गई थी। जहां बीते 20 दिनों पहले आरोपी ने नाबालिग को शादी करने का लालच देकर बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था। परिजनों की रिपोर्ट पर हंडिया थाने में अपराध दर्ज कर 363 का मामला कायम किया गया था। वहीं आरोपी और नाबालिग की तलाश के लिए टीम गठित की गई थी।

हंडिया थाना प्रभारी अनिल गुर्जर ने बताया कि 18 दिसम्बर को संदेही आरोपी ओर अपहर्ता को खातेगांव बस स्टैंड के पास से दस्तयाब किया गया। जिसके बाद पीडिता के बयान लेकर उसका मेडिकल कराया गया। पीडिता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि आरोपी ने उसे शादी करने का लालच देकर इंदौर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसी आधार पर पुलिस ने धारा में इजाफा करते हुए धारा 366,376(2)(एन)भादवि 5 एल 6 पॉस्को एक्ट का इजाफा कर आरोपी विमलेश को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# चेन छिनकर भाग रहे लुटेरे पकड़ाए

## लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया

◆ बंगाली कारीगर को चाकू मार चैन छीनकर भाग रहे थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सदर बाजार इलाके में सराफा के बंगाली कारीगर से चैन छीनकर भाग रहे दो बाइक सवार बदमाशों को बीट के जवानो ने लोगो की मदद से पकड़ा है। पकड़ाए एक आरोपी पर पहले से कई अपराध दर्ज है।**

सदर बाजार पुलिस के मुताबिक जय नंदी निवासी जूना रिसाला सराफा बाजार से रात 11.15 बजे अपने घर पैदल आ रहा था। इस दौरान जूनापीठा के यहां बाइक सवार दो बदमाशों ने मेरे गले से चांदी की चेन चाकू अड़ाकर छीन ली। बीच बचाव में हाथ की उंगली में जय नंदी को चाकू लग गया। इस दौरान लोगो ने देखा तो मौके पर पहुंचे। यहां बदमाश जयनंदी से झूमाझटकी कर रहे थे। तभी लोगो ने साबीर उर्फ नाम पुत्र निसार मोहम्मद निवासी भिश्ती मोहलला और जूनेद अली पुत्र जाहिद अली निवासी भिश्ती मोहल्ले को पकड़ा। यहां बीट के जवान राजेन्द्र ओर रोहित आ गए। दोनो बदमाशों को पकडकर वह थाने ले गए। पुलिस ने आरोपियों पर लूट का केस दर्ज किया है। साबिर पर पहले के कई अपराध दर्ज है।

## नाबालिग लापता, पुलिस तलाश में जुटी

**इंदौर।** समीपस्थ औद्योगिक नगरी पीथमपुर के मरीमाता टेकरी पर रहने वाले मजदूर परिवार की 15 वर्षीय नाबालिग के पिता ने सोमवार सुबह उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी वर्मा ने बताया की मरीमता टेकरी अकोलिया निवासी माता-पिता बताया कि रविवार सुबह जब वो लोग मजदूरी करने गए थे। तब कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी 15 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर कही ले गया। उन्होंने अपने रिश्तेदार और आस-पास तलाश करने के बाद सोमवार सुबह थाने पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने माता-पिता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर नाबालिग की तलाश शुरू कर दी है। सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी वर्मा ने बताया की नाबालिग की तलाश के लिए अलग-अलग टीम रवाना की है। जो रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड के सीसीटीवी कैमरे तलाश रही है। वहीं पीडित परिवार के संपर्क के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है, ताकि जल्द से जल्द नाबालिग का पता लग सके।

# बीए की स्टूडेंट की संदिग्ध मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। 17 साल की बीए की स्टूडेंट की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मंगलवार रात करीब 11 बजे के लगभग उसे अचानक सीने में दर्द हुआ। इसके बाद उसे पिता एमवाय लेकर पहुंचे यहां उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार को छात्रा का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।**

मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक मृतका का नाम संजना (17) पिता चंपालाल यादव निवासी रामबली नगर है। वह बीए फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट है। वही पिता लोडिंग वाहन चलाने का काम करते है। पिता ने बताया कि रात में संजना ने सभी के साथ खाना खाया। करीब 11 बजे उसके सीने में दर्द के साथ घबराहट हुई। मां को उसने पंखा चालू करने के लिये कहा। इसके कुछ देर बाद घबराहट ज्यादा हुई तो वह पिता से लिपटकर रोने लगी। उसे पिता गाड़ी में लेकर एमवाय पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद मौत की पुष्टि कर दी। डॉक्टरों के मुताबिक जिस तरह से तबीयत बिगड़ी उसके हृदयाघात की ज्यादा आशंका लग रही है। बाकि पोस्टमार्टम के बाद स्थिती स्पष्ट हो पाएगी।

## परिवार में एक बहन भाई

पिता के मुताबिक संजना से छोटा एक बेटा है। रात में संजना ने ही सभी के लिये खाना बनाया। इसी साल उसका कॉलेज में एडमिशन कराया था। वह पढ़ने में काफी होशियार थी। पढ़ाई के बाद सरकारी नौकरी करना चाहती थी।

## ट्रक से गिरे ड्राइवर की मौत

**इंदौर।** समीप औद्योगिक नगरी पीथमपुर के बागदून थाना क्षेत्र की कंपनी के बाहर खड़े ट्रक में रस्सी तिरपाल करते समय ट्रक से गिरने से ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई। सहायक उप निरीक्षक पदम सिंह ने बताया की कंपनी से मृतक शंकर सिंह पिता मान सिंह ने माल भरकर बाहर निकाला था, इसके बाद माल की सुरक्षा के लिए ट्रक पर रस्सी तिरपाल करते समय पदम सिंह का संतुलन बिगडने से करीब 20 फिट से नीचे गिर गया। ड्राइवर को घायल अवस्था में आस पास के ट्रक ड्राइवर उठा कर नजदीकी अस्पताल ले कर गए, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक पदम सिंह के रिश्तेदार व परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम किया जाएगा। फिलहाल मामले की जांच पोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# सड़क हादसे में कैटरिंग कर्मचारी की मौत, दो साथी घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तीन इमली ब्रिज पर मंगलवार रात हुए हादसे में एक कैटरिंग कर्मचारी की मौत हो गई। वह अपने साथियों के साथ बाइक से नजदीक ही सामान लेने गया था। इस दौरान तीनों हादसे का शिकार हो गए। पुलिस ने रात में एक युवक के शव को एमवाय भेजा।**

आजाद नगर पुलिस के मुताबिक हरिओम पुत्र प्रहलाद मीणा, उसका साथी कपिल पुत्र कन्हैयालाल शर्मा और रवि पुत्र कृष्णपाल निवासी मयूर नगर मूसाखेड़ी बाइक से नजदीक ही किराना दुकान की तरफ गए। इस दौरान उन्हें एक भारी वाहन ने टक्कर मार दी। तीनों की बाइक को वाहन कई फीट तक घसीटते हुए ले गया। जहां वे डिवाइडर से जा टकराए। इस हादसे में हरिओम की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो साथी घायल हैं। दोनों का उपचार जारी है।

**माता-पिता का इकलौता बेटा-** हरिओम अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। वहीं उसकी दो बहनें हैं। कुछ माह पहले ही काम के लिए वह इंदौर आया। इसके बाद यहां किराये से साथियों के साथ रहने लगा। हरिओम के पिता अपने परिवार से अलग रहते हैं। वह मूल रूप से बिंजवाड़, बोरानी देवास का रहने वाला है आजाद नगर पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है।

## यहां हादसे में दंपती घायल, पति की मौत

चंदन नगर इलाके में एक दंपती रविवार को सडक हादसे का शिकार हो गए। दोनों को उपचार के लिये एमवाय में भर्ती कराया गया। यहां मंगलवार को पति की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मनोहर पंवार निवासी माचल और उसकी पत्नी मंजू रविवार को बाइक से माचल अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक को एक वाहन ने टक्कर मार दी। दोनों को एंबुलेंस से एमवाय भेजा गया। मंगलवार को मनोहर ने दम तोड़ दिया। परिवार के मुताबिक वह ठेकेदारी करते हैं। उनके चार बच्चे हैं। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक